वारदात

देहात थाना क्षेत्र के धनगौर गुंजी गांव का मामला, घर से बुलाकर पीटा, हालत गंभीर

# जमीन विवाद में किसान पर जानलेवा हमला



**नवभारत दमोह 16 मार्च।** जिले के देहात थाना क्षेत्र के धनगौर गुंजी गांव में जमीन विवाद को लेकर 62 वर्षीय किसान पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है. गंभीर रूप से घायल किसान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

जानकारी के अनुसार धनगौर गूंजी निवासी किसान बृजलाल खेती-किसानी कर अपना जीवन यापन करते हैं. उनके पास जमीन का एक छोटा सा टुकड़ा है, जिस पर गांव के कुछ रसूखदार लोगों की नजर लंबे समय से बनी हुई थी. आरोप है कि ये लोग कई बार किसान पर जमीन देने का दबाव बना चुके थे, लेकिन किसान ने जमीन देने से इंकार कर दिया.

### पत्नी ने मचाया शोर

बताया जा रहा है कि इसी बात से नाराज होकर आरोपियों ने बीती रात किसान को घर से बुलाकर अपने साथ ले गए और वहां उसके साथ मारपीट की. कुछ देर बाद किसान की पत्नी को संदेह हुआ और वह घर के बाहर खड़ी हो गई. इसी दौरान उसे पति के चीखने-चिल्लाने की आवाजें सुनाई दीं। जब वह मौके पर पहुंची तो किसान लहूलुहान हालत में पड़ा मिला. महिला ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी.

### गांव के दबंग कई वर्षों से कर रहे परेशान

जानकारी में पुलिस को बताया गया कि इसके बाद घायल किसान को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है. पीड़ित पक्ष का आरोप है कि गांव के दबंग लोग कई वर्षों से उन्हें परेशान कर रहे हैं और इसी कारण उनके बच्चे भी गांव में रहने से डरते हैं.फिलहाल सागर नाका चौकी से प्रधान आरक्षक नीरज सहित पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है.

## युवक पर धारदार हथियार से हमला



नवभारत,दमोह.शहर में रविवार रात जटाशंकर मंदिर के पास एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया गया. उधारी के पैसे मांगने को लेकर शुरू हुआ. विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया, जिसमें 8 से 10 लोगों ने मिलकर युवक पर लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया. जानकारी के अनुसार घायल युवक प्रकाश द्विवेदी मंदिर की ओर जा रहा था, तभी आरोपियों ने उसे घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी.

पैसे वापस मांगने पर की मारपीट प्रकाश के मुताबिक उसने एक युवक को कुछ पैसे उधार दिए थे और हाल ही में उनसे पैसे वापस मांगे थे. इस बात से आरोपी और उसके साथी नाराज हो गए थे और उन्होंने पहले भी पैसे मांगने पर उसे धमकी दी थी. रविवार रात जब प्रकाश मंदिर की ओर जा रहा था, तभी आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया. गंभीर रूप से घायल प्रकाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है.



## वाहनों की तेज रफ्तार पर लगाम लगाने की मांग

आजाद भारत पार्टी ने राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,पथरिया 16 मार्च।** सोमवार को आजाद भारत पार्टी की सक्रिय सदस्यों द्वारा राज्यपाल को एसडीएम पथरिया को तीन सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि तेज रफ्तार से चलने वाले सभी वाहनों से होने वाली मौतों पर गंभीरता पूर्वक ध्यान देकर सड़क किनारे आवासीय घने इलाके में रफ्तार कम करवाई जाए। प्रदेश के वृद्धों को परिवार के लोगों द्वारा अकेले जीने के लिए छोड़ दिया गया है, इनका जीवन निर्वाह करना बहुत कठिन है। ऐसे वृद्धों को 3000 रुपए प्रतिमाह पेंशन सुनिश्चित की जाए। तीसरी एवं अंतिम मांग में संपूर्ण प्रदेश की जनता फर्ज़ी किन्नरों से परेशन है। ये किन्नर गरीब, मध्यमवर्गीय परिवारों से जबरदस्ती दस हजार, बीस हजार, इक्कीस हजार रूपयों की मांग करते हैं और परिवारों द्वारा मना करने पर उनको बुरी तरह अपमानित करते हैं। आजाद भारत पार्टी इस सम्बंध में प्रदेश सरकार को कई बार पूर्व में भी अवगत करा चुकी है, लेकिन कार्यवाही नहीं की गई। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामरतन यादव, महासचिव सगीर खान, प्रवक्ता डीपी बौद्ध, कार्य समिति अध्यक्ष सीताराम अहिरवार, प्रदेश अध्यक्ष सरला चौबे, उपाध्यक्ष श्याम लाल पहेला, संगठन मंत्री लखन लाल पाली, मीडिया प्रभारी केआर यादव, छोटेलाल अहिरवार आदि की उपस्तिथि रही।

### एक नजर में

## विनय तिवारी का चार्टेड एकांउटेंट में चयन



**नवभारत,दमोह।** हटा ब्लॉक के पाली गांव के होनहार युवा विनय तिवारी का चार्टेड एकांउटेंट के रूप में चयन हुआ है.विनय ने फाउंडेशन एग्जाम परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र को गोरवान्वित किया है.विनय पाली निवासी पूर्व सरपंच विनीता बलराम तिवारी के सुपुत्र है.जिनकी सफ्लता से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है,ग्रामीणों और उनके शुभचिंतकों द्वारा गांव की प्रतिभा पर बेटे को शुभकामनाएं दी जा रही है.



## पुलिस ने उपयंत्री की मां को तलाश कर सुपुर्द किया

**नवभारत,दमोह।** तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत में पदस्थ उपयंत्री दिलीप कुमार सूत्रकर की मां रविवार को घर से बिना बताए चले जाने पर लगातार तलाश की जा रही थी.इसी दौरान सोशल मीडिया पर फोटो शेयर होने पर पता चला,दिलीप कुमार की मां इंडियन बूट दमोह में बैठी हुई है.जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने मां को सिटी कोतवाली ले आए.तत्काल ही उपयंत्री सूत्रकर कोतवाली पहुंचे और पुलिस ने सूत्रकार की मां को सुपुर्द किया.



## गैस वितरण केंद्रों का किया निरीक्षण

**नवभारत,दमोह।** पटेरा में गैस वितरण केंद्रों पर तहसीलदार उमेश तिवारी व उनकी टीम ने औचक निरीक्षण किया. जांच के दौरान अधिकारियों ने गैस सिलेंडर के भंडारण और वितरण व्यवस्था का जायजा लिया. तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि सीएससी केंद्रों को 100 किलो से अधिक गैस भंडारण की अनुमति नहीं है.नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की चेतावनी दी.

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष व विधायक का आगमन आज

**नवभारत,दमोह।** 18 मार्च दोपहर 11 बजे कांग्रेस पार्टी के पूर्व नेता प्रतिपक्ष व विधायक अजय सिंह राहुल भैया का आगमन जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय टंडन बगीचा दमोह में हो रहा है.



## भगवान अनंतनाथ का ज्ञान तथा मोक्ष कल्याणक महोत्सव कल

**नवभारत, हटा।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में जैनधर्म के 14वें तीर्थंकर भगवान श्री अनंतनाथ जी का ज्ञान व मोक्ष कल्याणक महोत्सव व 18 वें तीर्थंकर भगवान श्री अरनाथ जी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव 18 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा.इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, ऋद्धि कलश,पूजन,विधान होगा.अत्यंत भक्ति भावपूर्वक निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा. सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना व पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती होगी. श्रद्धालु भक्तों से अनुरोध है कुण्डलपुर पधारकर धर्मलाभ अर्जित करें.

## अभियोजन एवं पुलिस अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

लोक अभियोजन की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**नवभारत,दमोह 16 मार्च।** संचालक, लोक अभियोजन संचालनालय, भोपाल के निर्देशानुसार तथा धर्मेंद्र सिंह तारन, प्रभारी उपनिदेशक अभियोजन के मार्गदर्शन में जिला अभियोजन परिवार, दमोह द्वारा 15 मार्च को अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विधिक प्रावधान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया गया. कार्यक्रम में चतुर्थ अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश जितेंद्र नारायण सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक एचआर पांडे, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ कमलेश भारद्वाज, सेवानिवृत्त उपसंचालक अभियोजन नरेंद्र सिंह उईके, सेवानिवृत्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी बीएम शर्मा, अतिरिक्त डीपीओ कैलाश चंद पटेल, लोक अभियोजक मुकेश जैन, वरिष्ठ एडीपीओ के के गौतम, मनोज कुमार की उपस्थिति रही. कार्यशाला में अभियोजन अधिकारीगण व जिले के निरीक्षक तथा उपनिरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारियों ने सहभागिता की.








## शिविरों से जनता को मिल रहा सीधा लाभ : रंजीता

संकल्प से समाधान अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय शिविर आयोजित

**नवभारत,दमोह 16 मार्च।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत अस्पताल चौराहा स्थित मानस भवन में ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया.

इस शिविर का आयोजन जनपद पंचायत दमोह द्वारा किया गया, जिसमें नगर पालिका परिषद दमोह व नगर परिषद हिंडोरिया भी शामिल रहे. शिविर में विभिन्न विभागों की लगभग 106 हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित समस्याओं और आवेदनों पर सुनवाई की गई. शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल व जनपद अध्यक्ष प्रीति कमल सिंह ठाकुर, एसडीएम सौरभ गंधर्व विशेष रूप से मौजूद रहे.

### हितग्राहियों को मिली सुविधा

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा कि सरकार द्वारा चलाया जा रहा संकल्प से समाधान अभियान आम नागरिकों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहा हैं. इस अभियान के माध्यम से हितग्राहियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है और एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं.

### 300 आवेदनों पर की गई सुनवाई

उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविरों से जनता को सीधा लाभ मिल रहा है और सभी जनप्रतिनिधि इस पहल के लिए सरकार का आभार व्यक्त करते हैं.शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित हितग्राहियों के आवेदनों का निराकरण किया गया. लगभग 300 आवेदनों पर सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्यवाही की गई. शिविर में उपस्थित नागरिकों ने अपनी समस्याएं और आवेदन संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए, जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया गया.

## किसानों को भावांतर योजना की राशि देने की मांग

जनपद सदस्य शैलेष पटेल ने लंबित भुगतान को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा पत्र



**नवभारत,हटा 16 मार्च।** मुख्यमंत्री के हटा आगमन के अवसर पर भाजपा युवा नेता व जनपद सदस्य शैलेष पटेल ने किसानों की समस्याओं को लेकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा.

ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने वर्ष 2025/26 में हुई भावांतर खरीदी की राशि अब तक कई किसानों के खातों में जमा नहीं होने की समस्या से मुख्यमंत्री को अवगत कराया. पत्र में बताया गया कि क्षेत्र के अनेक किसान भावांतर योजना के अंतर्गत अपनी उपज का विक्रय कर चुके हैं, लेकिन योजना के तहत मिलने वाली अंतर राशि अभी तक उनके खातों में नहीं पहुंची है. इसके कारण किसानों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

**कई किसानों ने खेती के लिए लिया है कर्ज**-कई किसानों ने खेती के लिए कर्ज लिया है और भावांतर की राशि नहीं मिलने से उन्हें अपनी आर्थिक जरूरतें पूरी करने में कठिनाई हो रही है.जनपद सदस्य शैलेष पटेल ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि किसानों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को निर्देश दिए जाएं, ताकि भावांतर योजना की लंबित राशि जल्द से जल्द किसानों के बैंक खातों में जमा कराई जा सके.

**समस्याओं का समय पर समाधान आवश्यक**-उन्होंने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी समस्याओं का समय पर समाधान होना अत्यंत आवश्यक है. मुख्यमंत्री ने इस विषय पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से चर्चा करने तथा किसानों की लंबित भावांतर राशि शीघ्र दिलाने का आश्वासन दिया.उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों के लिए निरंतर कार्य कर रही है और किसी भी किसान को योजना का लाभ मिलने से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा.



## फरार आरोपी छतरपुर से गिरफ्तार

**नवभारत,दमोह।** पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है. उक्त निर्देशों के पालन में 26 सितंबर 25 को थाना बटियागढ़ में मुखबिर की सूचना पर एक पिकअप से 40 पेटी अवैध शराब जब्त की गई थी, जिस पर थाना बटियागढ़ में मामला कायम किया गया था. इसमें फरार आरोपी शिवम उर्फ शिवप्रताप सिंह परमार को छतरपुर से चौकी प्रभारी फुटेरा आनंद कुमार व स्टाफ द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया.



## सुनार नदी में डूबे युवक का शव एसडीईआरएफ ने निकाला

**नवभारत,दमोह.** जिले के बटियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत हिंगबानी में एक युवक दिनेश सिंह के डूब जाने पर कल से रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा था. रविवार शाम तक शव बरामद नहीं हो पाया था. सोमवार सुबह करीब 7 बजे एसडीईआरएफ प्लाटून कमांडर प्राची दुबे और टीम ने तलाश की. जहां सुनार नदी में उतारते हुए शव दिखने पर टीम ने निकाला और पुलिस के सुपुर्द किया. जहां पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई के लिए भेजा.

## भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की जयंती पर निकली शोभायात्रा

सांस्कृतिक कार्यक्रम किए आयोजित, समाज के प्रतिभावान छात्राओं को किया गया सम्मानित



**नवभारत,हटा 16 मार्च।** साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा देवी की जयंती रनेह में हर्षोल्लास, उमंग, उत्साह के साथ मनाई गई.सर्वप्रथम श्री श्री 1008 श्री कौशलाधीश दरबार में मां कर्मा की पूजा अर्चना पुजारी सुजान कुसमया ने की. इसके बाद विशाल शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा बस स्टैण्ड होते हुए कौशलाधीश दरबार पहुंची. शोभायात्रा में चल रही मां कर्मा देवी की जगह-जगह पूजा अर्चना की गई. शोभायात्रा में अनेक जगह जलपान, फ्ल फूल की व्यवस्था की गई थी. कौशलाधीश मंदिर में मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बतौर अतिथि सत्येंद्र तुलाराम साहू, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष साहू समाज, मोतीलाल साहू कार्यपालन यंत्री विद्युत विभाग, एड. संजय साहू हिंडोरिया, गुड्डा साहू कार्यवाहक अध्यक्ष दमोह,चंदन सिंह निरंजन थाना प्रभारी रनेह, डॉ रामनारायण कुसमया, प. रामसुमंत मिश्रा, माखन राठौर, लकी साहू, सौरभ साहू दमोह, जेपी राजा उपस्थित रहे।

### सामूहिक आरती की गई

अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मां कर्मा की सामूहिक रूप से आरती की. साथ ही समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं में सौम्या अखलेश साहू, आरती राजेश साहू, वसुंधरा भगवत साहू कक्षा 12वीं वनितिन रामचंद्र साहू, ओम राजेश साहू ने कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया.

### शिक्षा से जिंदगी के लक्ष्य हासिल कर लेंगे : मोतीलाल

थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन ने कहा कि मां कर्मा के आराध्य श्री कृष्ण द्वारा गीता के सार कर्म की प्रधानता को महत्व दिया है। मोतीलाल साहू कार्यपालन यंत्री विद्युत विभाग ने कहा कि आज जो मैं यहां खड़ा हूं, वो साहू समाज की बदौलत हैं। अगर आपने शिक्षा को पकड़ लिया तो जिंदगी के लक्ष्य की प्राप्ति कर लेंगे.

### अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए

कार्यक्रम के अंतिम चरण में मंचासीन अतिथियों का सम्मान स्मृति चिन्ह और श्रीफ्ल से किया गया. समूचे कार्यक्रम का सफ्ल संचालन शिक्षक गजेन्द्र साहू, अभिषेक राज नायक द्वारा किया गया. आभार प्रदर्शन रनेह साहू समाज अध्यक्ष श्याम नायक द्वारा किया गया. कार्यक्रम के अंतिम सोपान में दिवंगत स्व. गनपत साहू, स्व. तुलसीराम साहू, स्व. प्रेमी साहू के लिए समाज द्वारा शोक संवेदनाएं व्यक्त की.

### इनका रहा योगदान

कार्यक्रम को सफ्ल बनाने समस्त साहू समाज के साथ ही नयागांव, सकौर, निमरमुण्डा, रमपुरा, पिपरिया, भैंसा, बंधा, सटवा के सामाजिक बंधुओं की सराहनीय उपस्थिति रही. संपूर्ण शोभायात्रा के दौरान चंदन सिंह निरंजन थाना प्रभारी रनेह हमराही स्टाफ के साथ उपस्थित रहे.